26.02.2019

3/12/2019

Rediffmail

Back | Reply | Reply All | Forward | [illegible]

# Fwd: Celebration of POSHAN Pakhwada from 08th to 22nd March, 2019 - Reg

[illegible]

[illegible]

Dr Manjeet
12/03/19

231
12/3/19

[illegible]

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

F.No.P-52.1/CDN/NSS/DTE/2018/457-472
Government of India
Ministry of Youth Affairs and Sports
Directorate of NSS
12/11, Jamnagar House
New Delhi – 110011

Dated: 06-March-2019

To

The Regional Directors,
All the Regional Directorates of NSS.

Sub: **Celebration of POSHAN Pakhwada from 8th to 22nd March, 2019– reg.**

I am forwarding herewith the Ministry Letter F.No.J-17011/133/2018-CDN dated 25th February, 2019 appended with the Ministry of Women & Child Development (MoWCD) DO letter No. PA/32/2010-Nutrition dated 20th February, 2019 on the subject mentioned above and to state that MoWCD has suggested two activities (Poshan Rally & Youth Group Meetings) to be carried out by the Department of Youth Affairs during the Celebration of POSHAN Pakhwada from 8th to 22nd March, 2019

In this regard, it is requested that the rallies and meetings as per suggestion may be undertaken and update the report of activities carried out on the Jan Andolan Dashboard at www.poshanabhiyaan.gov.in on daily basis. A summarized report of the celebration highlighting the entire activities undertaken during the "Poshan Pakhwada" should also be immediately submitted to this office on completion of the said event for onward submission to the Ministry.

**Enclosed: As above**

Yours sincerely,

(Harinder Kaur)
Youth Officer

Copy to:

1. Under Secretary, NSS Section, Shastri Bhawan New Delhi for information.

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

ओ३म्

# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र

**DAYANAND MAHILA MAHAVIDYALAYA, KURUKSHETRA**

**(Estd. 1982)**

Off. : 01744-270981
Fax : 01744-270361
Website : dmmkkr.com
E-mail : dmmkkr2010@rediffmail.com

Ref. No. (क्रमांक) DMM/19/310

Date (दिनांक) 26.03.19

सेवा में,

कार्यक्रम संयोजक,
राष्ट्रीय सेवा योजना,
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,
कुरुक्षेत्र

विषयः समापन समारोह हेतु आमंत्रण।

मान्यवर,

विनयपूर्वक निवेदन है कि दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में दिनांक 22.3.2019 से 28.3.2019 तक राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह 28.03.2019 को किया जाएगा। इस अवसर पर आप मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचकर कृतार्थ करें।

धन्यवाद सहित।

Principal/प्राचार्या
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
KURUKSHETRA (HARYANA)

(कार्यक्रम अधिकारी)
डॉ0 मनजीत कौर
डॉ0 सोनिया रानी

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र

## सूचना

दिनांक 16.03.2019

राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.03.2019 से 28.3.2019 तक सात दिवस–रात्रि शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सभी स्वयंसेविकाओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

प्राचार्या
Principal
Dayanand Mahila Mahavidyalaya
Kurukshetra (Haryana)

(कार्यक्रम अधिकारी)
डॉ. मनजीत कौर
डॉ. सोनिया रानी

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner


22.3.19 – 28.3.19

Seven Days Camp.





Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner






Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

( 22-3-2019 to 28-03-2019 ) 1

List of NSS Volunteers who attended Seven Days Special Camp from 22 March 2019, to 28 March 2019 :—

| Sr. No | Name | Class | Roll No |
|---|---|---|---|
| 1. | Vareena | B.A. Ist | 2267120006 |
| 2. | Varsha Rani | B.A. Ist | 2267120125 |
| 3. | Jeenat | B.A. IInd | 1531420008 |
| 4. | Reena Devi | B.A. IInd | 1531420009 |
| 5. | Shivani Devi | B.A. IInd | 1531420010 |
| 6. | Kirti | B.A. IInd | 1513420011 |
| 7. | Mamta | B.A. IInd | 1531420021 |
| 8. | Rashmi Verma | B.A. IInd | 1531420022 |
| 9. | Kajal | B.A. IInd | 1531420028 |
| 10. | Meenakshi Devi | B.A. IInd | 1531420029 |
| 11. | Komal | B.A. IInd | 1531420031 |
| 12. | Preeti | B.A. IInd | 1531420036 |
| 13. | Hema | B.A. IInd | 1531420041 |
| 14. | Neha Devi | B.A. IInd | 1531420056 |
| 15. | Monika | B.A. IInd | 1531420057 |
| 16. | Rashmi | B.A. IInd | 1531420058 |
| 17 | Renu Devi | B.A. IInd | 1531420059 |
| 18. | Mamta Rani | B.A. IInd | 1531420060 |
| 19. | Priyanka | B.A. IInd | 1531420065 |
| 20. | Simranjeet Kaur | B.A. IInd | 1531420069 |
| 21. | Neha | B.A. IInd | 1531420071 |

Scanned with CamScanner

| Sr.No | Name | Class | Roll No |
|---|---|---|---|
| 22. | Mehak | B.A. IInd | 1531420086 |
| 23. | Deepa Devi | B.A. IInd | 1531420091 |
| 24. | Sheetal Suman | B.A. IInd | 1531420094 |
| 25. | Geeta Saini | B.A. IInd | 1531420096 |
| 26 | Aarzoo | B.A. IInd | 1531420099 |
| 27 | Renu | B.A. IInd | 1531420100 |
| 28. | Santosh Devi | B.A. IInd | 1531420104 |
| 29. | Parveen Kaur | B.A. IInd | 1531420107 |
| 30. | Monika | B.A. IInd | 1531420111 |
| 31. | Muskan | B.A. IInd | 1531420117 |
| 32. | Bharti Devi | B.A. IInd | 1531420130 |
| 33. | Parveena | B.A. IInd | 1531420136 |
| 34. | Santosh Rani | B.A. IInd | 1531420148 |
| 35. | Komal | B.A. IInd | 1531420174 |
| 36. | Rajni | B.A. IInd | 1531420177 |
| 37. | Savita Rani | B.A. IInd | 1531420184 |
| 38. | Aarti | B.A. IInd | 1531420189 |
| 39. | Khushbu | B.A. IInd | 1531420192 |
| 40. | Ankita Sharma | B.A. IInd | 1531420196 |
| 41. | Ekta | B.A. IInd | 1531420201 |
| 42. | Preeti Devi | B.A. IInd | 1531420208 |
| 43. | Jaswinder Kaur | B.A. IInd | 1531420209 |
| 44. | Chirag Devi | B.A. IInd | 1531420216 |
| 45. | Rajwinder Kaur | B.A. IInd | 1531420219 |
| 46. | Neha Rani | B.A. IInd | 1531420222 |

Scanned with CamScanner

| Sr. No | Name | Class | Roll No |
|---|---|---|---|
| 47. | Kajal | B.A. IInd | 1531420224 |
| 48. | Neha | B.A. IInd | 1531420226 |
| 49. | Sonali | B.A. IInd | 1531420229 |
| 50. | Swati | B.A. IInd | 1531420239 |
| 51. | Vandana | B.A. IInd | 1531420246 |
| 52. | Harpreet Kaur | B.A. IInd | 1531420248 |
| 53. | Ravina | B.A. IInd | 1531420255 |
| 54. | Reena Devi | B.A. IInd | 1531420261 |
| 55. | Navdeep Kaur | B.A. IInd | 1531420264 |
| 56. | Anjali | B.A. IInd | 1531420282 |
| 57. | Manisha | B.A. IInd (F.E) | 1614520002 |
| 58. | Neha | B.A. IInd (F.E) | 1614520007 |
| 59. | Komal | B.A. IInd (F.E) | 1614520014 |
| 60. | Dipali | B.A. IInd (F.E) | 1614520026 |
| 61. | Kanchan | B.A. IInd (F.E) | 1614520056 |
| 62. | Kriti | B.A. IInd (F.E) | 1614520060 |
| 63. | Neha | B.Com IInd (VOC) | 1531620030 |
| 64. | Sujata | B.Com IInd (VOC) | 1531620043 |
| 65. | Shilpa Rani | B.Com IInd (VOC) | 1531620054 |
| 66. | Kajal Devi | B.Com IInd (VOC) | 1531620063 |
| 67. | Poonam Rani | B.Com IInd (VOC) | 1531620082 |
| 68. | Komal | BSc. IInd (C.S) | 1531820050 |
| 69. | Jyoti | BSc. IInd (C.S) | 1531820054 |

Roll No Ch.

| Sr.No | Name | Class | Roll No |
| --- | --- | --- | --- |
| 70 | Kiran | B.A. IIIrd | 3120 |
| 71. | Sonia | B.A. IIIrd | 3184 |
| 72. | Sheenam | B.A. IIIrd | 3336 |
| 73 | Manjeet Kaur | B.A. IIIrd | 3363 |
| 74. | Vidhi | B.Com IIIrd | 3590 |
| 74. | Rita Rani | B.A. IIIrd | 3258 |
| 75. | Sudakshana Kaushik | B.A. IIIrd | 3201 |
| 76. | Poonam Rani | B.A. IIIrd | 3223 |
| 77. | Sapna Devi | B.A. IIIrd | 3314 |
| 78. | Geeta Rani | B.A. IIIrd | 3289 |
| 79. | Anjali | B.A. IIIrd | 3359 |
| 80. | Shivani | B.Com IIIrd | 3799 |
| 81. | Rimjhim | B.A. IIIrd | 3626 |
| 82. | Manisha | B.A. IIIrd | 3606 |
| 83. | Sunekta Rani | B.A. IIIrd | 3608 |
| 84. | Monika | B.A. IIIrd | 3589 |
| 85. | Muskan | B.Com IIIrd | 3779 |
| 86. | Kamaljeet Kaur | B.A. IIIrd | 3123 |
| 87. | Surbhi | B.A. IIIrd | 3603 |
| 88. | Tammana | B.A. IIIrd | 3607 |
| 89. | Khayati | B.A. IIIrd | 3216 |
| 90. | Seema | BSc IIIrd (N.M.) | 2187 |
| 91. | Neha | B.Sc IIIrd (C.S) | 2330 |
| 92. | Eva | BSc (N.M) IIIrd | 2116 |
| 93. | Rashmi | B.A. IInd | 1531420037 |
| 94. | Nikita Devi | B.A. IInd | 1531420060 |

| Sr. No | Name | Class | Roll No |
| --- | --- | --- | --- |
| 95. | Anu | B.A. IInd | 1531420269 |
| 96. | Manisha | B.A. IInd (F.E) | 1614520003 |
| 97. | Charanjeet Kaur | B.A. IInd (F.E) | 1614520012 |
| 98. | Diksha Rani | B.A. IInd (F.E) | 1614520020 |
| 99. | Neha Rani | B.A. IInd (F.E) | 1614520028 |

# प्रैस नोट

आज दिनांक 22-3-19 को दयानन्द मोहल्ला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सात दिवसीय शिविर (22-03-19 से 28-03-19) का शुभारम्भ यज्ञ-हवन के साथ किया गया। इसके पश्चात् स्वयं-सेविकाओं ने योग की विभिन्न क्रियाएं सीखी। तत्पश्चात् स्वच्छता विषय पर पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन का आयोजन करवाया गया। दोपहर के भोजन के पश्चात् स्वयं-सेविकाओं ने मंच पर वाणी प्रशिक्षण में विभिन्न क्रियाएं की। इसके पश्चात् कालेज के संस्कृत विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुमन राजन जी का 'युवा वर्ग एवं हमारा समाज' विषय पर विस्तार-भाषण करवाया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में युवा वर्ग समाज को जो सेवाएं दे सकता है उनसे परिचित करवाते हुए सामाजिक कल्याण के प्रति जागरूक किया। युवा वर्ग को शारीरिक, मानसिक व वैचारिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी है। तभी वह एक स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सकते है। इसके पश्चात् लघु-नाटक व, सामूहिक गायन व नृत्य की तैयारी करवाई गई। इसके पश्चात् स्वयं-सेविकाओं ने खेलकूद क्रियाएं की गई। शिविर के दौरान डॉ. मनजीत कौर, डॉ. सोनिया रानी (कार्यक्रम अधिकारी) व डॉ. पूजा शर्मा मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र
प्रैस–नोट

आज दिनांक 25.03.19 को दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा लगाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन का शुभारम्भ हवन व योग की क्रियाओं के साथ किया गया। इसके पश्चात् स्वयं–सेविकाओं ने मंच पर वाणी प्रशिक्षण के माध्यम से विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये। अनुपयोगी वस्तुओं के माध्यम से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण करके अपनी–2 कला का सुन्दर प्रदर्शन किया। इसके पश्चात् महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा जी ने स्वयं–सेविकाओं को स्वच्छता व पर्यावरण सुरक्षा के महत्व को समझाया। फौजी कॉलोनी में निकालकर स्वयं–सेविकाओं ने वहाँ के लोगों को भी स्वच्छता व पर्यावरण सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। इसके पश्चासत् स्वयं–सेविकाओं ने सांस्कृति गतिविधियों की तैयारी व खेलकूद क्रियाए की। इस अवसर पर डॉ. मनजीत कौर, डॉ. सोनिया रानी (कार्यक्रम अधिकारी), डॉ. आरती, श्रीमती मोनिका व कुमारी तनु मौजूद रही।

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

26-3-19

# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र

## प्रैस-नोट

आज दिनांक 26.03.19 को दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर के अन्तर्गत स्वयंसेविकाओं ने निबन्ध लेखन के माध्यम से पारिवारिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, युवाओं सम्बन्धी, नारी की स्थिति, विश्व की परिस्थितियों से जुड़े अनेक पक्षों के अभिव्यक्ति प्रदान की। इसके बाद महाविद्यालय के आसपास के दुकानदारों व दयानन्द कॉलोनी में घर-घर जाकर लोगों को वित्तिय साक्षरता सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्रदान की। दोपहर बाद स्वयं-सेविकाओं ने मंच पर वाणी प्रशिक्षण के अन्तर्गत कविताएँ प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि - स्त्री घर व बाहर दोनों तरह के कार्य करती है। उसे भी शारीरिक ऊर्जा की उतनी ही आवश्यकता होती है जितनी कि -पुरूष को। डॉ. पूजा शर्मा (पुस्तकालय अध्यक्षा) ने स्वयंसेविकाओं को पुस्तकालय के पाँच नियमों तथा पुरस्तकालय की कार्यप्रणाली के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि- पुस्तकें वास्तव में व्यक्ति की सच्ची मित्र होती हैं। पुस्तकें केवल बौद्धिक विकास नहीं करती बल्कि मानसिक शांति के लिये भी आवश्यक हैं। ये मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती हैं। उन्होंने कहा कि- पुस्तकालय एक प्रगतिशील संस्था है। इसके बाद संध्या के समय स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय के विभिन्न हिस्सों की सफाई की, खेलकूद की गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. मनजीत कौर, डॉ. सोनिया रानी (कार्यक्रम अधिकारी), श्रीमती रजवंत कौर, कुमारी शिवानी उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र
## प्रैस–नोट

आज दिनांक 27.03.19 को दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर की ओर शुरुआत योग व हवन के साथ की गई। डॉ. श्वेता सैनी (गृहविज्ञान विभाग) ने अपने विस्तार भाषण में स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि- शारीरिक स्वास्थ्य व्यक्ति के लिये सबसे महत्वपूर्ण है। यदि व्यक्ति स्वस्थ है तभी वो अपने परिवार, समाज व देश के लिए कोई कार्य कर सकता है। उन्होंने कहा कि – आजकल युवा वर्ग फास्ट फूड की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं जो कि उनकी सेहत के लिए बिल्कुल ठीक नहीं है। उन्हें पौष्टिक भोजन ही करना चाहिये। फास्ट फूड से बचना चाहिये। शरीर के लिये आयरन, विटामिन, कैल्शियम बहुत आवश्यक होते है। इनकी पूर्ति के लिये पौष्टिक आहार लेना आवश्यक है। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने व्यक्तिगत अनुभव के अन्तर्गत पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, व्यक्तिगत समस्याओं के विषय में अपने विचार व्यक्त किये। तत्पश्चात् स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय के पास की कॉलोनी एकता विहार व सपड़ा कॉलोनी में लोगों को वित्तिय साक्षरता की जानकारी दी। शाम को स्वयंसेविकाओं को बेटी बचाओ –बेटी पढ़ाओ विषय पर लघु फिल्म दिखाई गई।

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र

## प्रैस-नोट

आज दिनांक 28.03.19 को दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित सात दिन-रात्रि शिविर का समापन समारोह आयोजित करवाया गया। डॉ. दिनेश राणा (संयोजक, रा. से. यो., कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र) इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनजीत कौर ने मुख्य अतिथि का अभिनन्दन करते हुये कहा कि वो एक कर्मठ व्यक्तित्व से परिपूर्ण विभूति है जिन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना को जमीन से आसमान तक पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मोनिका तथा समूह ने रागिनी, ईवा तथा समूह ने लघु नाटक, ममता और रवीना ने कविता, सुदक्षिणा ने भाषण प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश राणा ने स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित करते कहा कि भारतीय संस्कृति अमूल्य है। हमें इसकी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए वर्तमान समय में भारतीय युवाओं पर पश्चिमी सभ्यता का गहरा प्रभाव पड़ रहा है जो कि देश की अस्मिता के लिए उचित नहीं है। केवल भौतिक विकास से देश की उन्नति नहीं होती। उन्होंने सोशल मीडिया के दुरुपयोग के विषय में स्वयंसेविकाओं को अवगत करवाया। सोशल मीडिया के अनुचित उपयोग में वर्तमान युवा अपने वास्तविक लक्ष्य से भटक गया है। समाज का अगर कोई अंग खराब होता है तो उसका प्रभाव पूरे समाज पर भी होता है। ऐसी दशा में देश के युवाओं का यही कर्तव्य है कि वो अधिकारों के साथ-2 कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहें। समाज में समरसता स्थापित करें। देश को आगे बढ़ाएँ ये समस्त कार्य करने में तथा समाज को जागरूक करने में स्वयंसेविको का महत्वपूर्ण योगदान होता है। महाविद्यालय की प्राचार्या ने स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा माध्यम है जिसके आधार पर समाज व देश के विकास मार्ग प्रशस्त होता है। सोशल मीडिया के विषय में उन्होंने कहा कि युवाओं को इनका आदी नहीं होना चाहिए जितनी आवश्यकता हो उतना ही उपयोग करना चाहिए। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि ने स्वयंसेविको को प्रमाण-पत्र वितरित किये। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया रानी ने प्राचार्या महोदया, मुख्य अतिथि तथा स्वयंसेविकाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। राष्ट्रगान, वन्देमातरम्, भारत माता की जय की गूँज के साथ सात दिवसीय शिविर का समापन किया गया।

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर (23.03.2019)

## डीएन कॉलेज में एनएसएस शिविर का शुभारंभ



भास्कर न्यूज | कुरुक्षेत्र

डीएन महिला कॉलेज में एनएसएस की ओर से आयोजित साप्ताहिक शिविर का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ हुआ। इसके बाद पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कई स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा लिया। इसके बाद स्वयंसेविकाओं को योग का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर डॉ. मनजीत कौर, डॉ. सोनिया रानी और डॉ. पूजा शर्मा मौजूद रही।

पंजाब केसरी (23.03.2019)

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर हवन के साथ शुरू

कुरुक्षेत्र, 22 मार्च (अरोड़ा): सलारपुर रोड स्थित दयानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय शिविर का शुभारम्भ हवन के साथ हुआ जिसमें स्वयंसेविकाओं ने हवन में आहुतियों के साथ विभिन्न क्रियाएं सीखी। स्वयंसेविकाओं ने योग के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न योगासन, स्वच्छता विषय पर पोस्टर बनाओ/स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। संस्कृत विभाग की प्राध्यापिका डा. सुमन राजन ने युवा वर्ग एवं हमारा समाज विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की। शिविर के दौरान डा. मंजीत कौर, कार्यक्रम अधिकारी डा. सोनिया रानी, डा. पूजा शर्मा आदि मौजूद रहे।



हवन में भाग लेती स्वयंसेविकाएं। (अरोड़ा)

अमर उजाला (23.03.2019)

## पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता

कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शिविर की शुरुआत हुई। इसका शुभारंभ हवन के साथ किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया ने बताया कि शिविर 22 से 28 मार्च तक चलाया जाएगा, जिसके तहत स्वयंसेविकाओं को विभिन्न जरूरी क्रियाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। पहले दिन स्वच्छता विषय पर पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन गतिविधि कराई गई। इसमें स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मंच पर वाणी प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके साथ ही लघु नाटक, सामूहिक गायन और नृत्य की तैयारी भी कराई गई। वहीं पर्यावरण विषय पर लघु फिल्म दिखाकर जागरूक करने का प्रयास भी किया गया। इसके बाद खेलकूद गतिविधियों में हिस्सा लेकर छात्राओं ने प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर डॉ. मनजीत कौर तथा पूजा शर्मा सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
(23.03.2019)

## डीएन कॉलेज में एनएसएस शिविर का शुभारंभ



भास्कर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र

डीएन महिला कॉलेज में एनएसएस की ओर से आयोजित साप्ताहिक शिविर का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ हुआ। इसके बाद पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कई स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा लिया। इसके बाद स्वयंसेविकाओं को योग का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर डॉ. मनजीत कौर, डॉ. सोनिया रानी और डॉ. पूजा शर्मा मौजूद रही।

पंजाब केसरी
(23.03.2019)

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर हवन के साथ शुरू

कुरुक्षेत्र, 22 मार्च (अरोड़ा): सलारपुर रोड स्थित दयानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय शिविर का शुभारम्भ हवन के साथ हुआ। इसमें स्वयंसेविकाओं ने हवन में आहुतियों के साथ विभिन्न क्रियाएं सीखीं। स्वयंसेविकाओं ने योग के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न योगांसन, स्वच्छता विषय पर पोस्टर बनाओ, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। संस्कृत विभाग की प्राध्यापिका डा. सुमन राजन ने युवा वर्ग एवं हमारा समाज विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की। शिविर के दौरान डा. मंजीत कौर, कार्यक्रम अधिकारी डा. सोनिया रानी, डा. पूजा शर्मा आदि मौजूद रहे।



*हवन में भाग लेती स्वयंसेविकाएं। (अरोड़ा)*

अमर उजाला (23.03.2019)

## पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता

कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शिविर का शुरुआत हुई। इसका शुभारंभ हवन के साथ किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया ने बताया कि शिविर 22 से 28 मार्च तक चलाया जाएगा, जिसके तहत स्वयंसेविकाओं को विभिन्न जरूरी क्रियाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। पहले दिन स्वच्छता विषय पर पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन गतिविधि कराई गई। इसमें स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मंच पर वाणी प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके साथ ही लघु नाटक, सामूहिक गायन और नृत्य की तैयार भी कराई गई। वहीं पर्यावरण विषय पर लघु फिल्म दिखाकर जागरूक करने का प्रयास भी किया गया। इसके बाद खेलकूद गतिविधियों में हिस्सा लेकर छात्राओं ने प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर डॉ. मनजीत कौर तथा पूजा शर्मा सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

(24.03.2019)

# शहीदों को याद कर की दूसरे दिन की शुरुआत



शहीदी दिवस पर रैली निकालती दयानंद महिला महाविद्यालय की छात्राएं • जागरण

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र : दयानंद महिला महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे छात्राओं ने शहीदी दिवस पर शहीदों का याद किया। उसके स्वयं सेविकाओं ने रैली निकाल कर लोगों को देश सेवा और समाजिक बुराइयों के को समाप्त करने के प्रति जागरूक किया।

स्वयं सेविकाओं की रैली को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करके प्रत्येक व्यक्ति शहीदों के सपनों का भारत बनाने में योगदान दे सकता है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की परंपरा के अनुसार हवन यज्ञ का आयोजन भी किया गया। उसके बाद दोपहर को शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, कविताएं और भाषण के माध्यम से स्वयं सेविकाओं ने अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय की प्राचार्य विजेश्वरी शर्मा ने कहा कि देश की आजादी में अनेकों शहीदों ने अपना बलिदान दिया है और आज भी देश की आन बान के लिए अपनी कुर्बानियां दे रहे हैं तो युवा वर्ग को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए। उन्होंने वोट को महत्व समझाते हुए बताया कि प्रत्येक युवा को प्रलोभनों को त्यागकर देश हित को ध्यान में रखते हुए वोट के अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। छात्राओं ने लघु नाटक के माध्यम से शहीदों के बलिदानों से अवगत कराया। इस मौके पर डॉ. मनजीत कौर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया रानी, डॉ. रजवंत कौर उपस्थित रही।

दैनिक भास्कर (24.03.2019)

# लघु नाटक से दिखाया शहीदों का बलिदान



भास्कर न्यूज | कुरुक्षेत्र

डीएन महिला कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ हुआ।

शहीदी दिवस पर पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, कविता और भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। जिसके माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने शहीदों के बारे में बताया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने कहा कि देश की आजादी में अनेक शहीदों ने अपना बलिदान दिया है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को वोट का महत्व समझाते हुए कहा कि हम सभी को बिना किसी लालच और दबाव के मतदान करना चाहिए। इसी से देश का विकास होगा। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने रैली निकालकर और लघु नाटक के माध्यम से शहीदों के बलिदान के बारे में बताया। मौके पर डॉ. मनजीत कौर, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया रानी और डॉ. रजवंत कौर मौजूद रही।

अमर उजाला (24.03.2019)



शहीदों को समर्पित रैली निकालते दयानंद कालेज की छात्राएं एवं शिक्षिकाएं। अमर उजाला


# कर्तव्यों का निर्वहन कर बना सकते हैं शहीदों के सपनों का भारतः डॉ. शर्मा

कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की हवन किया गया। इसके बाद स्वंयसेविकाओं ने योगाभ्यास किया। शहीदी दिवस अवसर पर कविताएं और भाषण के माध्यम से वॉलंटियर्स ने विचार रखे। इसके अलावा रैली निकाल शहीदों के बलिदानों से अवगत भी कराया। प्राचार्य डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने स्वयंसेविकाओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में शहीदों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। अब भी देशभक्त कुर्बानी दे रहे हैं। युवा वर्ग को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए। ऐसा करने से शहीदों के सपनों के भारत का निर्माण किया जा सकेगा। विदेशी दासता से देशवासियों को मुक्त कराने के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया। स्वयंसेविकाओं ने रैली निकाल आमजन को लघु नाटक के माध्यम से शहीदों के बलिदानों से अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया रानी, डॉ. मनुजीत कौर तथा डा. रजवंत कौर सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर
(25.03.2019)

# डीएन कॉलेज में स्वयंसेविकाओं को दिया प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण



डीएन महिला कॉलेज में स्वयंसेविकओं को प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी देते डॉ. राजेंद्र सैनी।

भास्कर न्यूज | कुरुक्षेत्र

दयानंद महिला कॉलेज में चल रहे एनएसएस शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ हुआ। इसके बाद इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रशिक्षक राजेंद्र सैनी ने स्वयं सेविकाओं को प्राथमिक चिकित्सा और होम नर्सिंग की ट्रेनिंग दी।

शुरुआत में सड़क सुरक्षा के विषय में जानकारी देने के बाद ब्रेन हेमरेज, सीपीआर (कृत्रिम सांस देना), नकसीर आने, चोट लगने और जलने पर दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार के बारे में प्रेक्टिकल करके दिखाया। डॉ. राजेंद्र सैनी ने कहा कि कैंसर से बचाव के लिए हमें प्लास्टिक और स्टील के बर्तनों में गर्म चीजों के प्रयोग से बचना होगा जिसके बाद जिला प्रबंधक कनिका ने स्वयं सेविकाओं को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के लिए सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर डॉ. मनजीत कौर व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया रानी मौजूद थीं।

अमर उजाला
(25.03.2019)

# स्वयंसेविकाओं को दी प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी



कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दौरान तीसरे दिन प्राथमिक चिकित्सा को लेकर विशेषज्ञ ने स्वयंसेविकाओं को जानकारी दी। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के प्रशिक्षक राजेंद्र सैनी ने प्राथमिक चिकित्सा और होम नर्सिंग बारे बताया। सड़क सुरक्षा के विषय के बाद ब्रेन हेमरेज, सीपी आर (सांस देना), नक्सीर, चोट लगना तथा जलना इत्यादि परिस्थितियों में उपचार के सरल तरीके बताए। कैंसर जैसी बीमारियों की शुरुआत में बचाव करने की भी जानकारी दी। बोले कि रसोईघर से इसकी शुरुआत करनी होगी।

प्लास्टिक एवं स्टील आदि के बर्तनों में गर्म वस्तुओं के प्रयोग से बचना होगा। जिला प्रबधंक कनिका ने छात्राओं को शिक्षा के साथ रोजगार के लिए सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं बारे विस्तार से समझाया। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यालय में सफाई करने के अलावा मेहंदी लगाना इत्यादि कलाएं भी दिखाई। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा. सोनिया रानी एवं डा. मनजीत कौर सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

दैनिक जागरण
(25.03.2019)

# स्वयं सेविकाओं को बताया कैसे करें प्राथमिक चिकित्सा : राजेंद्र सैनी

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र : दयानंद महिला महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत हवन व योग क्रियाओं के साथ की गई। इसके पश्चात इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के प्रशिक्षक राजेंद्र सैनी ने स्वयं सेविकाओं को प्राथमिक चिकित्सा और होम नर्सिंग की ट्रेनिंग दी।

उन्होंने सड़क सुरक्षा के विषय में विस्तार से जानकारी देने के बाद ब्रेन हैमरेज, सीपीआर (सांस देना), नकसीर, चोट लगना, जलना आदि गंभीर परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार के सरल तरीकों से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने कैंसर जैसी बीमारियों की शुरुआत में हम कैसे बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके बचाव हेतु हमें अपने रसोईघर से इसकी शुरुआत करनी होगी। हमें प्लास्टिक, स्टील आदि के बर्तनों में गर्म चीजों के प्रयोग से बचना होगा। इसके बाद जिला प्रबधंक कनिका ने स्वयं सेविकाओं को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार हेतु सरकार की ओर से चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

अमर उजाला (27.03.2019)

## स्वयंसेविकाओं को दी जीवन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी

कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला कॉलेज में एनएसएस शिविर के दौरान स्वयंसेविकाओं ने निबंध लेखन के माध्यम से पारिवारिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, युवाओं संबंधी, नारी की स्थिति तथा विश्व की परिस्थितियों से जुड़े कई पक्षों बारे अभिव्यक्ति प्रदान की। इसके बाद महाविद्यालय के आसपास के दुकानदारों एवं दयानंद कॉलोनी में घर-घर जाकर लोगों को वित्तीय साक्षरता संबंधी जानकारी दी। स्वयंसेविकाओं ने मंच पर वाणी प्रशिक्षण के अंतर्गत कविताएं भी सुनाई। डॉ. पूजा शर्मा ने स्वयंसेविकाओं को पुस्तकालय के पांच नियमों तथा कार्यप्रणाली बारे बताया। उन्होंने कहा कि पुस्तकें वास्तव में व्यक्ति की सच्ची मित्र हैं। पुस्तकें केवल बौद्धिक विकास नहीं बल्कि मानसिक शांति के लिए भी आवश्यक हैं। ये मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती हैं। स्वयंसेविकाओं ने कॉलेज के विभिन्न हिस्सों की सफाई करके खेलकूद की गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया रानी, डॉ. मनजीत कौर, रजवंत कौर एवं शिवानी सहित अन्य मौजूद रहे।



दयानंद कॉलेज में स्वयंसेविकाओं को संबोधित करती शिक्षिका।

पंजाब केसरी (27.03.2019)

## पुस्तकें व्यक्ति की सच्ची मित्र : डा. पूजा

कुरुक्षेत्र, 26 मार्च (अरोड़ा): सलारपुर रोड स्थित दयानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से 7 दिवसीय शिविर के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं ने निबंध लेखन के माध्यम से पारिवारिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, नारी की स्थिति, विश्व की परिस्थितियों से जुड़े अनेक पक्षों में अभिव्यक्ति प्रदान की। महाविद्यालय के आसपास के दुकानदारों व दयानंद कालोनी में घर-घर जाकर लोगों को वित्तीय साक्षरता संबंधी जानकारी प्रदान की। स्वयंसेविकाओं ने मंच पर वाणी प्रशिक्षण के अंतर्गत कविताएं प्रस्तुत कीं। उन्होंने कहा कि स्त्री घर व बाहर दोनों तरह के कार्य करती है। उसे भी शारीरिक ऊर्जा की उतनी ही आवश्यकता होती है, जितनी पुरुष को। डा. पूजा शर्मा (पुस्तकालय अध्यक्षा) ने स्वयंसेविकाओं को पुस्तकालय के 5 नियमों तथा कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुस्तकें व्यक्ति की सच्ची मित्र होती हैं। पुस्तकें बौद्धिक विकास व मानसिक शांति के लिए आवश्यक हैं। स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय में खेलकूद में भाग लिया। इस अवसर पर डा. मनजीत कौर, डा. सोनिया रानी (कार्यक्रम अधिकारी), रजवंत कौर व शिवानी आदि उपस्थित रहे।



स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित करती डा. पूजा। (अरोड़ा)

आज समाज (27.03.2019)

## लोगों को वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी

कुरुक्षेत्र। दयानन्द महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर के अन्तर्गत स्वयंसेविकाओं ने निबन्ध लेखन के माध्यम से पारिवारिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, युवाओं सम्बन्धी, नारी की स्थिति, विश्व की परिस्थितियों से जुड़े अनेक पक्षों के अभिव्यक्ति प्रदान की। इसके बाद महाविद्यालय के आसपास के दुकानदारों व दयानन्द कॉलोनी में घर-घर जाकर लोगों को वित्तीय साक्षरता सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्रदान की। दोपहर बाद स्वयं-सेविकाओं ने मंच पर वाणी प्रशिक्षण के अन्तर्गत कविताएं प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि स्त्री घर व बाहर दोनों तरह के कार्य करती है। उसे भी शारीरिक ऊर्जा की उतनी ही आवश्यकता होती है जितनी कि पुरुष को। डॉ. पूजा शर्मा (पुस्तकालय अध्यक्षा) ने स्वयंसेविकाओं को पुस्तकालय के पांच नियमों तथा पुस्तकालय की कार्यप्रणाली के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुस्तकें वास्तव में व्यक्ति की सच्ची मित्र होती हैं। पुस्तकें केवल बौद्धिक विकास नहीं करती बल्कि मानसिक शांति के लिये भी आवश्यक हैं। ये मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय एक प्रगतिशील संस्था है। इसके बाद संध्या के समय स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय के विभिन्न हिस्सों की सफाई की, खेलकूद की गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. मनजीत कौर, डॉ. सोनिया रानी (कार्यक्रम अधिकारी), रजवंत कौर, कुमारी शिवानी उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

(...5.2019)

## अच्छी स्वास्थ्य के लिए फास्ट फूड छोड़ पौष्टिक भोजन करें : श्वेता

कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात शिविर में योग एवं हवन से शुरुआत की गई। गृहविज्ञान विभाग से डॉ. श्वेता सैनी ने विस्तार भाषण दिया। उन्होंने स्वयंसेविकाओं से कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य व्यक्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। स्वस्थ व्यक्ति अपने परिवार, समाज एवं देश के लिए बेहतर कार्य करने में सक्षम है। युवा वर्ग फास्ट फूड की ओर अधिक आकर्षित है, जोकि सेहत के लिए कतई ठीक नहीं है। पौष्टिक भोजन ही करना चाहिए। फास्ट फूड से बचना चाहिए। शरीर के लिए आयरन, विटामिन, कैल्शियम बहुत आवश्यक है। पूर्ति के लिए पौष्टिक आहार लेना चाहिए। छात्राओं ने व्यक्तिगत अनुभव के अंतर्गत पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, व्यक्तिगत समस्याओं के विषय में विचार साझा किए। महाविद्यालय के साथ लगती कॉलोनी एकता विहार एवं सपड़ा कॉलोनी में लोगों को वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी। इसके अलावा स्वयंसेविकाओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर लघु फिल्म दिखाई गई।



दयानंद कालेज में छात्राओं को जागरुक करतीं विशेषज्ञ।

दैनिक भास्कर (28.03.2019)

## डीएन कॉलेज में स्वयंसेविकाओं को दी स्वास्थ्य की जानकारी

कुरुक्षेत्र। डीएन महिला कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर में बुधवार को स्वयंसेविकाओं को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया। गृह विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. श्वेता सैनी ने कहा कि युवा वर्ग फास्ट फूड की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं जोकि उनकी सेहत के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि युवाओं को पौष्टिक भोजन ही करना चाहिए।

शरीर के लिए आयरन, विटामिन और कैल्शियम बहुत आवश्यक होते हैं। इनकी पूर्ति के लिये पौष्टिक आहार लेना जरूरी है।

इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने व्यक्तिगत अनुभव के तहत पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, व्यक्तिगत समस्याओं के विषय में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. कर्मजीत कौर मौजूद रहीं।

(26) पंजाब केसरी (28.03.20...)

## स्वयंसेविकाओं को दी पौष्टिक आहार की जानकारी



स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित करती डा. श्वेता सैनी।

कुरुक्षेत्र, 27 मार्च (अरोड़ा): सलारपुर रोड स्थित दयानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से 7 दिवसीय शिविर की शुरुआत योग व हवन के साथ की। डा. श्वेता सैनी (गृहविज्ञान विभाग) ने स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण है। यदि व्यक्ति स्वस्थ है, तभी वो परिवार, समाज व देश के लिए कार्य कर सकता है।

आजकल युवा वर्ग फास्ट फूड की ओर आकर्षित हो रहा है जो सेहत के लिए ठीक नहीं है। उन्हें पौष्टिक भोजन ही करना चाहिए। स्वयंसेविकाओं ने व्यक्तिगत अनुभव के अंतर्गत पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, व्यक्तिगत समस्याओं के विषय में विचार व्यक्त किए। स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय के पास एकता विहार व सपड़ा कालोनी में लोगों को वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी।

आज समाज (28.03.2019)

## अच्छी सेहत व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण : डॉ. श्वेता



कुरुक्षेत्र। दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर की शुरुआत की गई। डॉ. श्वेता सैनी (गृहविज्ञान विभाग) ने स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य व्यक्ति के लिये सबसे महत्वपूर्ण है। यदि व्यक्ति स्वस्थ है तभी वो अपने परिवार, समाज व देश के लिए कोई कार्य कर सकता है। उन्होंने कहा कि आजकल युवा वर्ग फास्ट फूड की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं जो कि उनकी सेहत के लिए बिल्कुल ठीक नहीं है। उन्हें पौष्टिक भोजन ही करना चाहिये। फास्ट फूड से बचना चाहिये। शरीर के लिये आयरन, विटामिन, कैल्शियम बहुत आवश्यक होते है। इनकी पूर्ति के लिये पौष्टिक आहार लेना आवश्यक है। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने व्यक्तिगत अनुभव के अन्तर्गत पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, व्यक्तिगत समस्याओं के विषय में अपने विचार व्यक्त किये। तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय के पास की कॉलोनी एकता विहार व सपड़ा कॉलोनी में लोगों को वितीय साक्षरता की जानकारी दी। शाम को स्वयंसेविकाओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर लघु फिल्म दिखाई गई।

दैनिक जागरण (28.03.2019)

## स्वस्थ व्यक्ति ही कर सकता समाज के लिए कार्य : श्वेता

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र : दयानंद महिला महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. श्वेता सैनी ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य व्यक्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। यदि व्यक्ति स्वस्थ है तभी वो अपने परिवार, समाज व देश के लिए कोई कार्य कर सकता है। उन्होंने कहा कि आजकल युवा वर्ग फास्ट फूड की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं जो कि उनकी सेहत के लिए बिल्कुल ठीक नहीं है। वे महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चल रहे सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयं सेविकाओं को संबोधित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि युवाओं को पौष्टिक भोजन ही करना चाहिए, फास्ट फूड से बचना चाहिए। शरीर के लिए आयरन, विटामिन, कैल्शियम बहुत आवश्यक होते हैं।

इनकी प्रेरित के लिए पौष्टिक आहार लेना आवश्यक है। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने व्यक्तिगत अनुभव के अंतर्गत पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, व्यक्तिगत समस्याओं के विषय में अपने विचार व्यक्त किए। सुबह शिविर का शुभारंभ हवन यज्ञ और योग से किया गया। उसके बाद स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय के पास की कॉलोनी एकता विहार व सपड़ा कॉलोनी में लोगों को वित्त संबंधी जानकारी दी।

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

पंजाब केसरी
(29.03.2019)

## भारतीय संस्कृति अमूल्य : डा.दिनेश

कुरुक्षेत्र, 28 मार्च (अरोड़ा) : दयानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से 7 दिन-रात्रि शिविर का समापन समारोह आयोजित करवाया। डा. दिनेश राणा (संयोजक, राष्ट्रीय सेवा योजना, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय) समापन समारोह में मुख्यातिथि थे। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. विजेश्वरी शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. मनजीत कौर ने मुख्यातिथि का अभिनंदन किया। मोनिका तथा समूह ने रागिनी, ईवा तथा समूह ने लघुनाटक, ममता और रवीना ने कविता, सुदक्षिणा ने भाषण प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि ने स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित करते कहा कि भारतीय संस्कृति अमूल्य है।

हमें इसकी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। मुख्यातिथि ने स्वयंसेविकाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम अधिकारी डा. सोनिया रानी ने प्राचार्या, मुख्यातिथि तथा स्वयंसेविकाओं का धन्यवाद किया। मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। राष्ट्रगान, वंदे मातरम्, भारत माता की जय की गूंज के साथ 7 दिवसीय शिविर का समापन किया गया।



मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करती प्राचार्या व अन्य। (अरोड़ा)

दैनिक भास्कर
(29.03.2019)

## डीएन कॉलेज में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न


स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र देते मुख्यातिथि डॉ. दिनेश राणा।

कुरुक्षेत्र | डीएन महिला कॉलेज में एनएसएस की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि केयू के एनएसएस संयोजक डॉ. दिनेश राणा मौजूद रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनजीत कौर ने सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मोनिका व उनके समूह ने रागिनी, ईवा व समूह ने लघु नाटक, ममता और रवीना ने कविता, सुदक्षिणा ने भाषण प्रस्तुत किए। डॉ. दिनेश राणा ने कहा कि भारतीय संस्कृति अमूल्य है। हमें इसकी रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया के दुरुपयोग के विषय में स्वयंसेविकाओं को अवगत करवाया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने कहा कि इन शिविर के माध्यम से छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। मौके पर डॉ. सोनिया रानी भी मौजूद रही।

आज समाज
(29.03.2019)

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन समारोह आयोजित करवाया गया। डॉ. दिनेश राणा (संयोजक, रा. से. यो., कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र) इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मोनिका तथा समूह ने रागिनी, ईवा तथा समूह ने लघु नाटक, ममता और रवीना ने कविता, सुदक्षिणा ने भाषण प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश राणा ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते कहा कि भारतीय संस्कृति अमूल्य है। हमें इसकी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए वर्तमान समय में भारतीय युवाओं पर पश्चिमी सभ्यता का गहरा प्रभाव पड़ रहा है जो कि देश की अस्मिता के लिए उचित नहीं है। केवल भौतिक विकास से देश की उन्नति नहीं होती। उन्होंने सोशल मीडिया के दुरुपयोग के विषय में स्वयंसेविकाओं को अवगत करवाया। सोशल मीडिया के अनुचित उपयोग में वर्तमान युवा अपने वास्तविक लक्ष्य से भटक गया है। समाज का अगर कोई अंग खराब होता है तो उसका प्रभाव पूरे समाज पर भी होता है। सोशल मीडिया के विषय में उन्होंने कहा कि युवाओं को इनका आदी नहीं होना चाहिए जितनी आवश्यकता हो उतना ही उपयोग करना चाहिए। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि ने स्वयंसेविकों को प्रमाण-पत्र वितरित किए।


Scanned with CamScanner


Scanned with CamScanner